श्री सुजीत कुमार, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/1559 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत राजनगर प्रखंड की ग्राम पंचायत सुगौना उत्तरी के अंतर्गत स्थित ग्राम भगवानपुर, बेराघाट, सुगौना सहित अन्य कई गावों के बाँध क्षेत्र में नहर की शाखा का निर्माण कर दिया गया है, जिसके कारण सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि में वर्ष भर वर्षा एवं नदी नालों का पानी जमा रहता है और संबंधित क्षेत्र के किसान वर्षों से कृषि उत्पादन से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलजमाव की समुचित जल निकासी व्यवस्था, तथा प्रभावित किसानों को राहत, मुआवजा अथवा वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पश्चिमी कोशी नहर परियोजना अंतर्गत विदेश्वर स्थान उपशाखा नहर के 0.65 कि०मी० के बाँये से सुगौना उपवितरणी निकलती है, जिसकी कुल लंबाई 9.76 कि०मी० है। सुगौना उपवितरणी राजनगर प्रखण्ड के सुगौना उत्तरी पंचायत के बेराघाट होते हुए सुगौना ग्राम के पास एक पोखर में मिल जाती है। सुगौना उत्तरी पंचायत के अन्तर्गत स्थित भगवानपुर, सुगौना एवं बेराघाट गाँव के नजदीक अवस्थित कृषि योग्य भूमि के जल जमाव से निजात पाने हेतु पश्चिमी कोशी नहर परियोजना अंतर्गत विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकिकरण (E.R.M) (पार्ट–ए) कार्य के अंतर्गत विदेश्वर स्थान उपशाखा नहर के कि०मी० 6.21 पर इनलेट तथा सुगौना उपवितरणी के कि०मी० 8.38 पर सी०डी० संरचना के निर्माण कार्य का प्रावधान किया गया है। प्रश्नगत संरचना का निर्माण उक्त योजना अंतर्गत करा लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त चपाही गाँव के आस–पास कृषि योग्य भूमि में जल जमाव की स्थिति रहती है जिसके लिए चपाही गाँव के निकट निर्मित ग्रामीण कार्य विभाग के सड़क में Culvert निर्माण हो जाने से इस गाँव के कृषि भूमि में जल जमाव की समस्या से निजात मिलेगी।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(द0)–05–73 / 2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 1559 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(द0)–05–73 / 2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(द0)–05–73 / 2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(द0)–05–73 / 2026– 1287   पटना, दिनांक– 18/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
17.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo